POLITICAL SCIENCE Dep.
B.A-2 (Sub.)

Dr. HUSNA ARA
Asst. Professor
Dr. L.K.V.D. college, Tajpur,
Samastipur

संरचनात्मक - प्रकार्यात्मक उपागम

तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन के लिए संरचनात्मक - प्रकार्यात्मक उपागम का प्रतिपादन आमण्ड और पावेल ने किया। उन्होंने इस उपागम के माध्यम से राजनीतिक व्यवस्थाओं की संरचना और प्रकार्यों को समझने का विचार प्रस्तुत किया।

संरचनात्मक - प्रकार्यात्मक उपागम राजनीतिक व्यवस्था के अंतर्गत यह विश्लेषण करती है कि कौन सी संरचना किन - किन कार्यों का सम्पादन करती है। यह उपागम दो प्रमुख धारणाओं पर केंद्रित है। पहला प्रकार्य एवं दूसरा संरचना।

इस उपागम के द्वारा हम तुलनात्मक राजनीति का अध्ययन संरचनाओं की संरचना एवं कार्यों का विश्लेषण करके कर सकते हैं। राजनीतिक व्यवस्था में प्रशासन को चलाने के लिए विभिन्न प्रकार की संरचनाएं पाई जाती हैं जो नियम निर्माण से लेकर उसे लागू करने तक का कार्य करती हैं।

Scanned with CamScanner